# एकादश बिहार विधान-सभा वादवृत्त

## भाग—1

## (कार्यवाही प्रश्नोत्तर)

सत्यमेव जयते

शुक्रवार, तिथि : 16 अप्रैल, 1999

शनिवार, तिथि : 17 अप्रैल, 1999

सोमवार, तिथि : 19 अप्रैल, 1999

## प्रसवोत्तर कार्यक्रम को चालू करना

*** 325. श्री संजय कुमार–** क्या मंत्री, स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:–

(1) क्या यह बात सही है कि शेखपुरा जिला अस्पताल में अभी तक पी. पी. प्रोग्राम (प्रसवोत्तर कार्यक्रम) चालू करने की व्यवस्था नहीं की गयी है, जिसके अंतर्गत बच्चा होने के तुरंत बाद परिवार नियोजन का ऑपरेशन किया जाता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार शेखपुरा जिला अस्पताल में प्रसवोत्तर कार्यक्रम चालू करने का विचार रखती है, यदि "हाँ" तो कब तक, नहीं तो क्यों ?

**डॉ0 महावीर प्रसाद :** खंड–1 एवं खंड–2 : यह बात सही है कि शेखपुरा जिला अस्पताल में अभी पी. पी. प्रोग्राम इकाई (प्रसवोत्तर कार्यक्रम चालू नहीं। पी. पी. प्रोग्राम की व्यवस्था से परिवार कल्याण कार्यक्रम चलाने में सुविधा होती है, किन्तु यह सही नहीं है कि इकाई स्थापना नहीं किये जाने से परिवार कल्याण कार्यक्रम ठप्प है। स्वीकृति भारत सरकार के द्वारा दी जाती हैं जो अब नये योजनाओं के लिए नहीं दी जा रही है।

अतः ऐसी स्थिति में शेखपुरा जिला अस्पताल में पी. पी. प्रोग्राम इकाई की स्थापना संभव नहीं है।

## ग्रीड स्टेशन का निर्माण

*** 326. श्री बेणी प्रसाद गुप्ता–** क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:–

(1) क्या यह बात सही है कि पाकुड़ में छठी पंचवर्षीय योजना में स्वीकृत ग्रीड अबतक पूरा नहीं किया गया है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार पाकुड़ के लम्बित ग्रीड स्टेशन का काम प्राथमिकता देकर कराने का विचार रखती है, यदि "हाँ" तो कब तक, नहीं तो क्यों ?